तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 जनवरी 2026

12 अटल जी के सपनों को साकार कर रही प्रदेश...

12 अब क्यूआर कोड से होगा संपत्तिकर जलकर...




## खबर संक्षेप

### साहू समाज ने मनाई राजिम भक्तिन जयंती



**सेल**। राजिम भक्तिन जयंती साहू समाज के धर्मशाला भवन में पूजा अर्चना कर मनायी गई। सुबह 10 बजे साहू समाज द्वारा राजिम भक्तिन जयंती कार्यक्रम मनाया गया। इस मौके आचार्य कीर्ति कुमार पांडेय, ग्रामीण अध्यक्ष सुजेलाल साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि राज साहू, परसराम साहू, रामअवतार साहू, भास्कर साहू, प्रकाश साहू, धनंजय साहू, अमीर साव, भानू साहू, श्रीकिशन साहू, रूपराय साहू, खीखराम साहू, लुकेश्वर साहू, धजाराम साहू, मोहितराम साहू, जीवनलाल साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग शामिल हुए।

### जिले के 7 युवा आरक्षक पद पर चयनित

**बलौदाबाजार**। जिले में संचालित निःशुल्क नवप्रेरणा कोचिंग के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर लाभान्वित हो रहे हैं। इस कोचिंग से सत्र 2022-23 में पुलिस विभाग में जिले के 7 विद्यार्थी चयनित हुए। कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी चयनित युवाओं को बधाई दी। चयनित विद्यार्थियों में बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम रिसदा से कुमारी तनु वर्मा एवं निशा वर्मा, सोनपुरी से शोभित कुर्रे, खैरा दतान से खेमेश्वरी मिरी, पलारी विकासखंड के ग्राम अछोली से पिंकी बांधे, टुण्डरा विकासखण्ड के ग्राम खपराडीह से किशन राय एवं कसडोल विकासखंड के ग्राम भदरा से सनत कुमार शामिल हैं। निःशुल्क नवप्रेरणा कोचिंग संस्थान का संचालन कलेक्टर दीपक सोनी के दिशा-निर्देश एवं जिला शिक्षाधिकारी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यह संस्थान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग तथा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रभावी तैयारी हेतु सहायता प्रदान कर रहा है।

### कुसमी प में हिंदू सम्मेलन आज

**पलारी**। ग्राम कुसमी प में सकल हिंदू समाज द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन 8 जनवरी को रखा गया है। इसमें मुख्य वक्ता संजय दुबे प्रांत संपर्क प्रमुख छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में सर्व हिंदू समाज को शामिल होने की अपील की गई है।

### मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। नगर के शिव चौक नयापारा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# जिला पुलिस ने शहर में निकाली हेलमेट जागरूकता रैली

## रैली में शामिल हुए मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और टंकराम वर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत बलौदाबाजार जिले में यातायात जागरूकता को लेकर हेलमेट रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट की अनिवार्यता को समझाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं टंकराम वर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर मंत्रियों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से दोपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट का वितरण भी किया गया।

### हेलमेट बचा सकता है जानः जायसवाल

सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला पुलिस के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने जीवन की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतों का मुख्य कारण सिर में लगने वाली गंभीर चोट होती है। यदि चालक हेलमेट पहनता है, तो दुर्घटना की स्थिति में जान बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। हमारा लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को शून्य पर लाना है।



### प्रमुख गतिविधियां और शपथ ग्रहण

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को सुरक्षित परिवहन और यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। पुलिस टीम के नेतृत्व में निकली यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों से गुजरी, जहां लाउडस्पीकर और नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। यातायात पुलिस बलौदाबाजार-भाटापारा ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनुशासित होकर वाहन चलाएं और सुरक्षित सफर के लिए पुलिस का सहयोग करें।




## जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# जीरो टॉलरेंस नीति का असर धरातल पर परिलक्षित हो : प्रभारी मंत्री जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

स्वास्थ्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बुधवार को जिला पंचायत सभाक्रक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। बैठक में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता उपस्थित थे।

■ योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन एवं गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश

प्रभारी मंत्री जायसवाल ने कहा कि हमारी सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने प्रतिबद्ध है, इसके लिये जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। सभी अधिकारी इस नीति को धरातल पर उतारने अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि योजनाओं के क्रियान्वयन या लोगों की समस्याओं के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सीएमएचओ स्कूल व अस्पतालों का नियमित दौरा कर निरीक्षण करें और कमियों को दुरुस्त करें। शासन स्तर पर कोई मांग हो तो तत्काल प्रस्ताव भेजें, मंजूरी देने में कोई विलम्ब नहीं होगा।







उन्होंने ग्राम पंचायतों में विकास कार्य निर्धारित कर प्रस्ताव तैयार करने कहा। इसी तरह नगरीय निकायों में सड़क, पानी, बिजली, नाली, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने नई योजना वी बी- जी राम जी के बारे में जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को साकार करने के लिये यह योजना मिल का पत्थर साबित होगा। इस योजना के तहत अब ग्रामीण ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को 125 दिन रोजगार मिलेगा और भुगतान सप्ताह भर में हो जाएगा। योजना के तहत अधोसंरचना सम्बन्धी कार्य भी ग्रामीण क्षेत्रों में हो सकेंगे, तकनीक का भी उपयोग होग़ा ताकी कम समय पर पारदर्शी कार्य सुनिश्चित होगा। उन्होंने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव में तेजी लाने तथा खरीदी लिमिट बढ़ाने तथा छूटे हुए किसानों का रकबा संशोधन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी वास्तविक किसानों का एक- एक दाना धान खरीदी की ⏩ शेष पेज 10 पर

# दिन दहाड़े ज्वेलरी दुकान से उठाइगिरी का प्रयास विफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

नगर स्थित दिलीप ज्वेलर्स दुकान से बुधवार को बड़ी चोरी होते होते बच गई, जिससे दुकानदार ने चैन की सांस ली। उन्होंने तत्काल इसकी शिकायत पुलिस थाने में की। दरअसल दो चोर एक मोटरसाइकिल से दिलीप ज्वेलर्स में सोना खरीदने आये, लेकिन दुकान में सिर्फ एक आदमी घुसा और एक आदमी चालू हालत में बाहर बाइक पर बैठा रहा। दुकानदार को इसकी भनक तक नहीं लगी और ग्राहक बनकर आये चोर ने ज्वेलर्स दुकान के संचालक दिलीप पवार से ज्वेलरी दिखाने को कहा, तब उन्होंने ज्वेलरी से भरी डिब्बा खोलकर दिखाया और पलक झपकते ही मोटरसाइकिल पर छल्लांग मार कर बैठ गया और भागने लगा। इसकी खबर लगते ही संचालक ने चोर चोर कर पर जोर-जोर से चिल्लाने लगा, तभी दुकान के बाहर बैठे कारीगर दौड़ते हुए कुछ ही दूरी पर चोर का कालर पकड़ लिया, तब डरकर चोर ने झट से हाथ छुड़ाकर सोना से भरा डब्बा वहीं छोड़कर भाग निकले। सभी सामान सुरक्षित मिलने पर दुकानदार ने राहत की सांस तो ली। बताया जा रहा है कि उक्त सोना 15 से 20 लाख का था।

■ पकड़े जाने के डर सोना छोड़कर भागा चोर



मामले में थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने कहा कि जहां से चोर भगा है, उस जगह की सीसी टीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। बहुत जल्द चोर पुलिस गिरफ्त में होंगे। वहीं नगर में दिनदहाड़े इस घटना को लेकर नगरवासियों में चर्चा जोरों पर है तथा पुलिस गश्त तेज करने की मांग की है।

# पटाखे फोड़ने वाली बुलेट चालक पर लगा 5000 का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शहर की सड़कों पर मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर दहशत फैलाने वाले बाइकर्स के खिलाफ भाटापारा यातायात पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। त्रिनयन शिकायत हेल्प लाइन पर मिली एक शिकायत के आधार पर पुलिस ने तेज और कर्कश आवाज करने वाली एक बुलेट को पकड़कर भारी जुर्माना वसूला है। पुलिस को हेल्पलाइन के माध्यम से सूचना मिली थी कि एक बुलेट चालक शहर के भीतर मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर पटाखे जैसी आवाजें निकालते हुए यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है। सूचना ⏩ शेष पेज 10 पर

■ त्रिनयन हेल्पलाइन की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई



# कलेक्टर ने दिव्यांगजनों को दी ट्रायसिकल, अब दिनचर्या होगी आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने दिव्यांग शिवलाल साहू एवं संत राम कन्नौजे को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से एक-एक ट्राईसिकल प्रदान की। विकासखंड कसडोल के ग्राम सेल निवासी दिव्यांग शिवलाल साहू एवं विकासखंड पलारी के ग्राम देवरी निवासी संतराम कन्नौजे ने समाज कल्याण विभाग में सहायक उपकरण की मांग हेतु आवेदन दिया था। उनके आवेदन पर समाज कल्याण विभाग द्वारा शिवलाल साहू को मोटराइज्ड ट्रायसिकल एवं संत राम कन्नौजे को चलित ट्रायसिकल प्रदान की। सहायक उपकरण मिलने पर दिव्यांगजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनको रोजमर्रा के कार्यों एवं बाहर आने - जाने में आसानी होगी।ट्राइसिकल मिलने पर उन्होंने शासन एवं प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उप संचालक सिनीवाली गोयल एवं विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।




# खेत में मिली युवक की लाश, क्षेत्र में फैली सनसनी

**गिधौरी**। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घटमड़वा के नहर के पास एक खेत में युवक की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही गिधौरी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान मृतक का नाम लक्ष्मी प्रसाद नवरत्न उम्र लगभग 35 वर्ष, ग्राम कुम्हारी थाना गिधौरी का निवासी के रूप में हुई है।



बताया जा रहा है कि मृतक शराब सेवन की आदी था और आशंका जताई जा रही है कि अत्यधिक शराब सेवन के कारण उसकी मौत हो सकती है। गिधौरी पुलिस मौके पर पहुंचकर एवं परिजनों को घटना की जानकारी दी तथा मृतक की शव का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए कसडोल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है। मृतक की मौत का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल गिधौरी पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब को क्वॉलिटी सर्टिफिकेट मिलने पर जताया हर्ष

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल पहुंचे जिला अस्पतालः किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार।

स्वास्थ्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जिले के एक दिवसीय प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जिला अस्पताल स्थित इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब को भारत सरकार के नेशनल क्वॉलिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अंतर्गत क्वालिटी सर्टिफिकेट मिलने पर बधाई दी।

श्री जायसवाल ने जिला अस्पताल स्थित डायलिसिस सेंटर, मातृ शिशु अस्पताल, फिजियोथेरेपी सेंटर का निरीक्षण किया।साथ ही मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल -चाल जाना। उन्होंने संस्थागत प्रसव में हुई बढ़ोतरी के लिए जिले में हो रहे काम की सराहना की और 50 बिस्तर मातृ शिशु अस्पताल में बेडों की संख्या बढ़ाने की बात कही। स्वास्थ्य मंत्री ने मुरुम तालाब के पास एक इंटीग्रेटेड यूनिट के निर्माण की बात भी कही जिसमे योग,नेचुरोपैथी और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से इलाज की व्यवस्था, सियान क्लिनिक इत्यादि की सुविधा होगी। स्वास्थ्य विभाग में अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में यहां प्रतिमाह 450 से अधिक प्रसव हो रहे हैं। जिनमें से 200 सिजेरियन प्रसव हैं। इसके अलावा यहां प्रतिमाह 300 डायलिसिस हो रहे हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।







हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।
समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।
नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### त्रिमूर्ति कॉलोनी में शिव महापुराण कथा 9 से

**महासमुद।** नगर पुरोहित पंडित पंकज तिवारी ने बताया कि स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी में 9 जनवरी से 17 जनवरी तक शिव महापुराण कथा का आयोजन समस्त त्रिमूर्ति कॉलोनी के निवासियों द्वारा किया जा रहा है। शिव महापुराण कथा में 9 जनवरी को गणेश पंचांग पूजन, जल कलशयात्रा, महात्म्य कथा, 10 जनवरी को अग्नि स्तंभ प्रादुर्भाव, पार्थिव शिवलिंग महात्म्य, 11 जनवरी को नारद मोह, सृष्टि विस्तार वर्णन, 12 जनवरी को सती चरित्र, दक्ष यज्ञ. 13 जनवरी को शिव पार्वती विवाह उत्सव, 14 जनवरी को श्री गणेश स्कंध जन्म, 15 जनवरी को जलंधर शंखचूड़ उद्धार, तुलसी महिमा, 16 जनवरी को द्वादश ज्योर्तिलिंग प्राकट्य, बेलपत्र वर्षा, चढ़ौत्री, शोभायात्रा, 17 जनवरी को पूजन हवन पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण किया जाएगा। कथा का समय दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक है। त्रिमूर्ति कॉलोनीवासियों द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा के कथावाचक नगर पुरोहित पंक्षित पंकज तिवारी होंगे। सहयोगी पंडित दिनेश प्रसाद चौबे, पडित सूर्य प्रकाश उपाध्याय रहेंगे। कॉलोनीवासियों ने समस्त धर्मप्रेमियों से कथास्थल पर उपस्थित होकर कथा श्रवण करने का आग्रह किया है।

### गणेशपुर में 8 से श्रीमद् भागवत कथा

**जीजामगांव।** ग्राम गणेशपुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 8 से 16 जनवरी तक किया गया है। कथावाचिका श्रीमती पुष्पा पाण्डेय अभनपुर होंगी। आयोजक समिति ने बताया कि दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक कथा होगी। आयोजन की तैयारी में आयोजक समिति सहित ग्रामीणजन जुटे हुए हैं।

### चंदनबिरही में मड़ई आज

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चंदनबिरही की मड़ई 8 जनवरी गुरूवार को रखी गई है। ग्रामीण हेमप्रकाश गंजीर ने बताया कि इस अवसर पर ग्रामीणों के मनोरजंन हेतु रात्रि में शिवसागर नाचा पार्टी डोंगरगढ़ का आयोजन किया गया है।

### चिटौद में मड़ई मेला उत्सव 9 को

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चिटौद में मड़ई मेला उत्सव 9 जनवरी शुक्रवार को रखा गया है। सरपंच तीरथ यादव ने बताया कि रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा का आयोजन होगा।

### रावनगुड़ा में सत्संग समारोह 10 से

**धमतरी।** ग्राम रावनगुड़ा में दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 10 तथा 11 जनवरी को किया गया है। इस अवसर पर सुश्री साध्वी चंद्रकला साहेब द्वारा प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रवचन दिया जाएगा।

**प्रेसवार्ता : मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और टंकराम वर्मा प्रेस कॉन्फ्रेंस में हुए शामिल**

# वीबी-जी राम जी योजना से ग्रामीण भारत को मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाजपा जिला कार्यालय में शुक्रवार को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) – वीबी–जी राम जी योजना को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में जिला प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, भाजपा प्रदेश मंत्री जयंती पटेल, अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संनम जांगड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, विजय यादव, टेसूलाल धुरंधर, विजय केसरवानी, नगर पालिका अध्यक्ष बलौदाबाजार अशोक जैन, नगर पालिका अध्यक्ष भाटापारा अश्वनी शर्मा सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार ने ग्रामीण भारत के लिए एक दूरदर्शी और समयानुकूल योजना प्रारंभ की है। संसद के शीतकालीन सत्र में पारित वीबी–जी राम जी अधिनियम 2025 केवल रोजगार देने तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजगार को ग्रामीण विकास से जोड़ते हुए ठोस और परिणामोन्मुखी व्यवस्था प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से विभिन्न सरकारों ने ग्रामीण रोजगार की दिशा में प्रयास किए। वर्ष 1960-61 के रूरल मैनपावर प्रोग्राम से लेकर 2005 में लागू मनरेगा तक योजनाएं चलीं, किंतु बदलती सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों और अनुभवों के आधार पर एक नई, अधिक प्रभावी योजना की आवश्यकता महसूस हुई, जिसके परिणामस्वरूप वीबी–जी राम जी अधिनियम अस्तित्व में आया।



### अब 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी

जायसवाल ने बताया कि मनरेगा में 100 दिन की गारंटी थी, लेकिन औसतन केवल 50.4 दिन का ही रोजगार मिल सका। वहीं वीबी–जी राम जी योजना में 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। इसके अंतर्गत ग्राम सभा स्तर पर विकास योजना तैयार होगी, जो ब्लॉक, जिला और पीएम गति शक्ति प्लेटफॉर्म से जुड़कर लागू की जाएगी, जिससे गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

### बायोमेट्रिक हाजिरी और डिजिटल मॉनिटरिंग से भ्रष्टाचार पर लगाम

उन्होंने कहा कि यह योजना पूरी तरह तकनीक आधारित है। बायोमेट्रिक उपस्थिति, डिजिटल मल्टी-लेवल मॉनिटरिंग, छह माह में समीक्षा और समयबद्ध भुगतान की व्यवस्था की गई है। तय समय में रोजगार या भुगतान न होने पर मुआवजे का प्रावधान भी रखा गया है, जिससे जवाबदेही सुनिश्चित होगी। फंडिंग पैटर्न पर कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए जायसवाल ने कहा कि हिमालयी राज्यों के लिए केंद्र-राज्य अनुपात 90:10 और अन्य राज्यों के लिए 60:40 रखा गया है, जो राज्यों की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप है। उन्होंने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि यूपीए शासनकाल (2006–2014) में मनरेगा पर 2.13 लाख करोड़ खर्च हुए, जबकि एनडीए सरकार ने 2014 से 2025 तक 8.53 लाख करोड़ से अधिक खर्च किए। रोजगार सृजन में भी यूपीए के 1660 मिलियन मंडेज की तुलना में एनडीए सरकार के दौरान 3210 मिलियन मंडेज सृजित हुए। पूर्ण कार्यों की संख्या यूपीए काल में 153 लाख रही, जबकि एनडीए काल में 862 लाख तक पहुंची। हिमाचल प्रदेश का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में जहां 16.52 लाख मंडेज सृजित हुए, वहीं मोदी सरकार के दौरान 32.6 लाख मंडेज बने, यानी दोगुना रोजगार। वीबी जी राम जी योजना के लिए लगभग 1.5 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना चार प्रमुख क्षेत्रों ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण आजीविका पर केंद्रित है। बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक व्यय को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत किया गया है। इस अवसर पर डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस केवल नाम बदलने का मुद्दा उठाकर जनता को गुमराह कर रही है, जबकि असली मुद्दा परिणाम और विकास है।

# बढ़ी ठंड, क्षेत्र में शीतलहर से बचने अलाव बना सहारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

प्रदेश में ठंड का असर तेज होता जा रहा है। अगहन की विदाई और माघ महीने के लगते ही अंचल में चल रही ठिठुरन भरी शीतलहर से बचने के लिए गांव-गांव में गोबर के कंडे और लकड़ियों से अलाव का सहारा लेते झुंड में बैठे लोग चौक चौराहों पर हर जगह दिखाई दे रहे हैं।

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक उत्तरी और मध्य छत्तीसगढ़ के एक-दो इलाकों में शीतलहर चलने की संभावना बनी हुई है। गुरुवार को भी उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर मध्यम से घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी दी गई है। खरोरा में भी सुबह धुंध छाने और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री के आसपास रहने की संभावना जताई गई है।

# एकीकृत किसान पोर्टल में कैरी फारवर्ड, नवीन पंजीयन के लिए समितियों को दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एकीकृत किसान पोर्टल में किसानों से संबंधित प्रविष्टियों को दुरुस्त एवं अद्यतन करने के लिए समिति लॉगिन के माध्यम से आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। संशोधन का प्रावधान 07 जनवरी 2026 तक जिले की समस्त समितियों के समिति लॉगिन में उपलब्ध करा दिया गया है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के आदेशानुसार किसानों से जुड़े खसरा/रकबा सुधार, कैरी फारवर्ड, नवीन पंजीयन आदि कार्रवाईयों को चरणबद्ध एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। आदेशानुसार सबसे पहले पात्र कृषकों की पूर्व प्रविष्टियों का कैरी फारवर्ड कार्य समिति लॉगिन से किया जाएगा, जिसे 15 जनवरी 2026 तक पूर्ण करना अनिवार्य होगा। साथ ही वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पट्टाधारी कृषकों का नवीन पंजीयन भी इसी अवधि में किया जाएगा, ताकि ऐसे कृषक योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें। इसके पश्चात एकीकृत किसान पोर्टल में कक्षकों के खसरा एवं रकबा सुधार, फसल विवरण की प्रविष्टि सहित सभी प्रकार के संशोधन किए जाएंगे। यह प्रक्रिया 31 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी, जिससे किसानों के रिकॉर्ड में किसी भी प्रकार की त्रुटि को सुधारा जा सके। इसी क्रम में जिन प्रकरणों में आधार विवरण त्रुटिपूर्ण पाए गए हैं, वहां पूर्व पंजीयन को निरस्त कर नवीन पंजीयन की कार्रवाई की जाएगी। यह कार्य भी 15 जनवरी 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर कलेक्टर की अनुशंसा से पात्र कृषकों का नवीन पंजीयन भी 15 जनवरी तक किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समस्त संबंधित अधिकारियों एवं समितियों को निर्देशित किया है कि वे सभी कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के समय पर मिल सके।

# शिक्षक राष्ट्र निर्माण के धुरी व आधार स्तंभ : ओपी

## रायगढ़ प्रांतीय सम्मेलन में जुटे राज्य भर के हजारों शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रांतीय सम्मेलन में राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करते हुए कहा कि छग शिक्षक संघ अपने स्थापना वर्ष से ही राष्ट्रहित, शिक्षा हित, शिक्षार्थी एवं शिक्षक हित के चार पुरुषार्थों के साथ कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में सतत गतिशील है। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के धुरी व आधार स्तंभ है। जानकारी देते हुए छग शिक्षक संघ के उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि गत 3 एवं 4 जनवरी को आयोजित प्रांतीय सम्मेलन प्रदेश के प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर, प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, महामंत्री मनोज राय, कोषाध्यक्ष गयाराम राजवाड़े के मार्गदर्शन में कुशलतापूर्वक हुआ। प्रांतीय सम्मेलन में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन टेकराम सेन के संयोजन में हुआ।




इस अवसर पर प्रमुख रुप से उमेश भारती गोस्वामी, अशोक शर्मा, भगोलीराम साहू, यूके दास, राजेश शर्मा, किशोर कुमार रथ, भागवत जगत, जयराम पटेल, डी.बसंत साव, रोहिणी देवांगन, अनिल पटेल, पुकराम पटेल, मनोज राणा सहित जिललेभर के सैकड़ों शिक्षकों ने उपस्थिति दी। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने दी है।

# पार्षद ने हितग्राहियों को चावल वितरण कर किया उत्सव का शुभारंभ



**महासमुंद।** रजत जयंती वर्ष 2025-26 का 02 जनवरी से लेकर 09 जनवरी तक की अवधि में उपभोक्ता जागरुकता एवं चावल उत्सव का आयोजन शासन द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तथा वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद भाऊ राम साहू द्वारा वार्ड 24 व 25 के हितग्राहियों को चावल वितरण कर शासकीय उचित मूल्य की दुकान में चावल उत्सव का शुभारंभ किया गया।

# डीजे डांस प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक, प्रतिभागियों का किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ग्राम गहनागाठा में आयोजित डीजे डांस प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान विधायक यादव के ग्राम आगमन पर ग्रामवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रतियोगिता में सामूहिक, एकल एवं युगल नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विधायक यादव ने प्रतिभागियों की कला की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि कलाकारों के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साहवर्धन है, जो उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इससे पूर्व ग्रामवासियों ने विधायक यादव का ध्यान ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न विषयों की ओर आकृष्ट कराया, जिस पर उन्होंने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से तुला राम साहू, कमल किशोर चंद्राकर, राकेश दीवान, खोमन दीवान, वेदप्रकाश दीवान, तिलक दीवान, लक्की साहू, डेमन दीवान, विनोद यादव, वासु यादव, अरुण चंद्राकर, फगवा दीवान, ओमप्रकाश साहू, खगेश दीवान, युवराज दीवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# संयंत्र के सीएसआर ने नेत्र जांच शिविर में चश्मा वितरण किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम रावन में अल्ट्राटेक रावन सीएसआर और श्री गणेश विनायक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा का वितरण किया। इसका उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान करना तथा जरूरतमंद ग्रामीणों को निःशुल्क चश्मा, दवाइयां एवं विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करना था। शिविर में कुल 162 ग्रामीणों की नेत्र जांच की गई, जिनमें से 85 लाभार्थियों को चश्मे वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त 19 ग्रामीणों को चश्मा वितरण अभी शेष है। साथ ही जांच के दौरान 29 लोगों को मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें आगे विशेष उपचार हेतु चिन्हित किया गया। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक शिविर में भाग लेकर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में डॉ. तुलसी एवं उनकी टीम तथा अरुण सिंह द्वारा उच्च स्तरीय जांच और विशेषज्ञ परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर रावन के सरपंच अमर सिंह नेताम, उपसरपंच टाकेश्वर वर्मा उपस्थिति और सहयोग से कार्यक्रम और अधिक प्रभावी रहा।

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर के प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय तथा सीएसआर टीम के सुरेंद्र कुमार यादव, द्वारिका वर्मा, हेमलता ध्रुव, सुनीता निषाद एवं साहिल बंदे के सक्रिय सहयोग से शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

# जिले के सभी जनपदों में मनाया गया आवास दिवस एवं रोजगार दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार के मार्गदर्शन में जिला महासमुंद अंतर्गत सभी जनपद पंचायतों में आवास दिवस एवं रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं वीबी-जी राम जी अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा तथा हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजन के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में ऐसे हितग्राहियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने



निर्धारित समय से पूर्व अपने आवास का निर्माण पूर्ण किया। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया, जिससे अन्य हितग्राही भी प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम में अपूर्ण आवासों की भी समीक्षा की गई। संबंधित हितग्राहियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने, सामग्री के समुचित उपयोग तथा नियमित निरीक्षण पर जोर दिया।

रोजगार दिवस के अवसर पर वीबी-जी राम जी अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी दी गई तथा पात्र ग्रामीणों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही श्रमिकों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सरपंच, सचिव, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में हितग्राही एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की हुई मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक में विभिन्न समितियां गठन करने के प्रस्ताव पर सदस्यों ने सहमति दी। छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश संयुक्त राज्य पेंशनर्स फेडरेशन की प्रांतीय आह्वान एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आंदोलन में भाग लेकर 29 दिसंबर 2025 को छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला महासमुंद द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम पर कलेक्टर के माध्यम से 14 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया।

इस दौरान पेंशनर साथी जिनका जन्मदिन जनवरी माह में आता हो उनका जन्मदिन मनाया गया। जिसमें पुनीत राम चंद्राकर, डीआर सोरी, रघुनाथ प्रसाद सिन्हा, गौतम ओसवाल, डॉ साधना कसार शामिल हैं। इसी तरह प्रांतीय पेंशनर दिवस 2026 में महासमुंद जिले में आयोजित करने के लिए 200 रुपए की सहयोग राशि प्रत्येक सदस्य से जमा करने का अनुरोध किया गया। विगत माह 17 दिसंबर 2025 में बलौदा बाजार में प्रांतीय पेंशनर दिवस में जिले से बड़ी संख्या में पेंशनर सदस्य शामिल हुए। पुनीत राम चंद्राकर, डीआर सोरी एवं कुंती देवांगन द्वारा भी मनमोहक गीत भजन एवं शेरो शायरी से सबका मनोरंजन किया गया। वरिष्ठ सदस्य बसंत चंद्राकर द्वारा उपस्थित सदस्यों को अपना विचार रखते हुए कहा कि जो सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं रहते उनके घर में जाकर बैठक में आने के लिए आमंत्रित करेंगे तथा सहयोग राशि देने की अपील करेंगे। बैठक का संचालन डा अशोक गिरि गोस्वामी जिलाध्यक्ष एवं आभार प्रदर्शन सनमान सिह दीवान ने किया।

इस अवसर पर संरक्षक केआर चंद्राकर, हरक राम चंद्राकर, डॉ अशोक गिरि गोस्वामी जिलाध्यक्ष, बीआर देवांगन, मनराखन लाल ध्रुव, बीआर ध्रुव, डीआर सोरी, छविराम दीवान, पुनीत राम चंद्राकर, सलमान सिंह दीवान, बसंत कुमार चंद्राकर, राम नारायण चंद्राकर, बंशी लाल चंद्राकर, महेश कुमार शर्मा, अर्जुन लाल साहू, आरके वर्मा, सनत कुमार यादव, बसंत लाल साहू, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, घनश्याम ध्रुव समेत बड़ी संख्या में पेंशनरगण मौजूद रहे।

### जुपिटर स्कूटी से गांजा तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

पिथौरा (ग्रामीण)। विकासखंड से सटे पर्यटन ग्राम बारनवापारा में पुलिस ने जुपिटर स्कूटी से गांजा तस्करी करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग थैलों में भरा हुआ कुल 8 थैला गांजा बरामद किया गया है।

## पेज 9 के शेष

### जीरो टॉलरेंस नीति...

जाएगी। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुय्र प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किश्त जारी होने के बाद भी निर्माण प्रारम्भ नहीं होने पर नारजगी जहिर करते हुए जनपद सीईओ को आगामी एक माह में निर्माण प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत टीबी मरीजों एवं सिकल सेल मरीजों का शत प्रतिशत स्क्रीनिंग कराने के निर्देश दिये। शासकीय अस्पताल से अनावश्यक रूप से मरीजों को निजी अस्पतालों में रिफर न करने के भी निर्देश दिये। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राजस्व के कार्यों में पारदर्शिता लाने सरकार तकनिक के उपयोग को बढ़ावा डे रही है। उन्होंने कहा कि राजस्व सम्बन्धी छोटे-छोटे कामों के लिये लोगों को परेशानी न हो। आरआई और पटवारी फिल्ड में संवेदनशीलता के साथ काम करें, किसी प्रकार की शिकायत आने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, अशोक जैन, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, कुसुम लता पैकरा, सविता अनंत, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### पटाखे फोड़ने वाली...

पर त्वरित कार्रवाई करते हुए यातायात शाखा की टीम ने घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। इस कार्रवाई में पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एमएम 9952 के चालक मोहम्मद रजा को रोका, जहां यातायात नियमों के उल्लंघन पर विधिवत कार्रवाई करते हुए 5000 का सम्मन शुल्क वसूला। पुलिस ने मौके पर ही बुलेट से अवैध मॉडिफाई साइलेंसर को निकलवा दिया। भाटापारा पुलिस ने कहा कि मॉडिफाई साइलेंसर से ध्वनि प्रदूषण करने वालों और आम नागरिकों को परेशान करने वाले चालकों को बख्शा नहीं जाएगा। त्रिनयन हेल्पलाइन आम जनता के लिए एक सशक्त माध्यम साबित हो रही है, जिससे लोग सीधे पुलिस तक अपनी शिकायतें पहुंचा पा रहे हैं।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
05 जनवरी 2026
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 03:00, 6:45
इक्कीस
शो समय - 12:00, 6:00, 9:00 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# अटल जी के सपनों को साकार कर रही प्रदेश सरकार

## भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में शिवरतन शर्मा ने गिनाई स्वर्गीय वाजपेयी जी की उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर के भाजपा कार्यालय में अटल स्मृति भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, विचारों और उनके योगदान पर चर्चा की गई।

वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने अटल बिहारी को महान नेता बताया और कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने न केवल भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया, बल्कि विदेश मंत्री और संसद की महत्वपूर्ण स्थायी समितियों के अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने जनसंघ से लेकर भाजपा के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और विपक्ष के एक सक्रिय नेता भी रहे। शर्मा ने कहा की छत्तीसगढ़वासियों की आकांक्षाओं को उन्होंने पूरा करते हुए इसे अलग राज्य बनाया और आज हमारा प्रदेश निरंतर विकास पथ पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा भारत के राजनीतिक इतिहास में अटल बिहारी वाजपेयी जी का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है। वे केवल एक सफल राजनेता ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील कवि, प्रखर वक्ता, दूरदर्शी राजनेता और राष्ट्र को दिशा देने वाले महान चिंतक थे। उनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण का जीवंत उदाहरण रहा है। शिवरतन शर्मा ने कहा की अटल बिहारी वाजपेयीजी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री रहे। उनका नेतृत्व संयम, संवाद और समन्वय का प्रतीक था।

### भारत की प्रतिष्ठा को विश्व मंच पर किया सशक्त

चाहे 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण का साहसिक निर्णय हो या लाहौर बस यात्रा के माध्यम से शांति का संदेश उन्होंने हर अवसर पर भारत की प्रतिष्ठा को विश्व मंच पर सशक्त किया। विधानसभा प्रभारी प्रहलाद रजक ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, पि.व.मो. प्रदेश मंत्री आशीष जायसवाल, पि.व.मो. जिलाध्यक्ष महाबल बघेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन बांधे, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया सहित पाचो मंडल के अध्यक्ष पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## खबर संक्षेप

### जिला पुलिस विभाग में अधिकारी-कर्मचारियों की हुई पदोन्नति



**बलौदाबाजार**। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा 7 जनवरी को सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए विजय केसरिया, सुरेंद्र सिंह एवं जगदेव साहू के कंधे पर दो-स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति की बधाई दी। वर्तमान में उप निरीक्षक विजय केसरिया थाना सिटी कोतवाली, सुरेंद्र सिंह थाना लवन एवं जगदेव साहू थाना हथबंद में पदस्थ होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस दौरान पदोन्नति कार्यक्रम में अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, बड़े बाबू शैलेंद्र प्रजापति, स्टेनो मनीष चौबे, स्थापना शाखा प्रभारी अश्वनी विशाल सहित पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

### मनोहरा में भागवत कथा 23 से 31 तक

**हथबंद**। ग्राम मनोहरा में 23 से 31 जनवरी तक भव्य श्रीमदभागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जायेगा। इसमें कथा प्रवक्ता पं. अजीत कुमार पांडेय होंगे। इस कथा के आयोजक नारायणी महिला संगठन एवं समस्त ग्रामवासी मनोहरा होंगे।



### कृष्ण का पुलिस आरक्षक में चयन, ग्रामीणों ने जतायी खुशी

**मुंडा**। ग्राम पंचायत मुंडा के आश्रित ग्राम ढनढनी निवास कृष्ण चतुर्वेदी का छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक में चयन होने पर गांव व आसपास क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वहीं आसपास के लोगों में जे के ट्रेडर्स, कमल रात्रे, देवा, आनंद, दिनेश जोशी, मुन्नालाल चतुर्वेदी, उमेंद्र रात्रे, नारायण धृतलहरे, सूमेर वर्मा ने आरक्षक पद पर चयनित होने पर कृष्ण चतुर्वेदी को बधाई दी।



### धौराभाठा में चावल उत्सव मना



**गोपालपुर**। डीएस दुकान पंचायत मुख्यालय धौराभाठा में चावल उत्सव मनाया गया। इस दौरान सभी हितग्राहियों को माह जनवरी का चावल, शक्कर, नमक वितरण किया गया। साथ ही हितग्राहियों का ई-केवासी भी किया गया। इस अवसर पर सभी हितग्राहियों उपस्थित रहे, जिसमें प्राथमिकता कार्ड, निराश्रित कार्ड धारी, समान्य कार्ड धारी मौजूद थे।

### नपा अध्यक्ष ने डिजिटल डोर नंबर प्लेट क्यूआर कोड बोर्ड का किया शुभारंभ

# अब क्यूआर कोड से होगा संपत्तिकर जलकर और काम्प्लेक्स कर का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका परिषद भाटापारा को डिजिटल और स्मार्ट शहर बनाने की दिशा में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने आम जनता की सुविधा के लिए डिजिटल डोर नंबर क्यूआर कोड बोर्ड का विधिवत शुभारंभ किया। इस तकनीक के लागू होने से अब शहरवासी अपने घर के बाहर लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर सीधे अपने संपत्तिकर और जलकर, काम्प्लेक्स कर भुगतान कर सकेंगे।

शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य भाटापारा के नागरिकों को सरकारी प्रक्रियाओं की जटिलता से मुक्ति दिलाना है। अब लोगों को टैक्स जमा करने के लिए नगर पालिका के चक्कर काटने या लंबी लाइनों में लगने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रत्येक घर के लिए एक विशिष्ट क्यूआर कोड जारी किया गया है, जो सीधे उस घर के टैक्स रिकॉर्ड से लिंक है। डिजिटल डोर नंबर बोर्ड की मुख्य विशेषताएं यह है कि मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन करते ही बकाया टैक्स की जानकारी मिलेगी और तुरंत भुगतान किया जा सकेगा। डिजिटल डोर नंबर से घर की लोकेशन और वार्ड की जानकारी नगर पालिका के डेटाबेस में सुरक्षित रहेगी। भुगतान के तुरंत बाद डिजिटल पावती प्राप्त होगी, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। भविष्य में इसी क्यूआर कोड के माध्यम से कचरा संग्रहण की निगरानी और अन्य नागरिक सुविधाओं को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस डिजिटल मुहिम का हिस्सा बनें और समय पर अपने करों का भुगतान कर शहर के विकास में सहभागी बनें। उन्होंने बताया कि यह सिस्टम न केवल जनता के लिए सुविधाजनक है, बल्कि इससे नगर पालिका के राजस्व प्रबंधन में भी सुधार होगा। इस अवसर पर नगर पालिका के पार्षद, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, विभागीय कर्मचारी और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।





# मुंडा के सहकारी दुकान में मनाया गया चावल उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष में 2 से 9 जनवरी तक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सभी सहकारी उचित मूल्य की दुकानों में चावल उत्सव मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करना और उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाना है, जिसमें उचित मूल्य की दुकानों में विशेष कार्यक्रम और ई-केवाईसी अभियान शामिल हैं। इसी के तहत आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के सहकारी उचित मूल्य की दुकान में 6 जनवरी को ग्राम पंचायत सरपंच शशिकला पांडेय की उपस्थिति में चावल उत्सव मनाया गया। विक्रेता महेश्वर रजक ने बताया कि चावल उत्सव कार्यक्रम के पहले दिन 6 जनवरी को 968 राशन कार्डधारी में से 116 राशन कार्डधारियों को राशन वितरण किया गया। चावल उत्सव कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज आईटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी कमलेश रजक, पंच पीतांबर रजक, पंच प्रतिनिधि महेंद्र वर्मा एवं महेंद्र रजक, दुखू फेंकर, भुवनेश्वर वर्मा, दशरथ वर्मा, कार्तिक वर्मा, सुदामा ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।





# सकट चौथ : माताओं ने संतान की लंबी आयु के लिए रखा व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

माघ महीने में पड़ने वाली सकट चौथ अंचल में धूमधाम से मनाया गया। सकट चौथ के दिन भगवान श्री गणेश की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। सकट चौथ के दिन माताओं ने अपनी संतान की लंबी आयु की कामना के लिए भगवान गणेश की उपासना की। भगवान गणेश को समर्पित यह व्रत चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद ही व्रत पूर्ण माना।

हिंदू पंचांग के अनुसार माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर सकट चौथ का व्रत रखा गया। मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्रों में भी माताएं अपनी संतान की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और जीवन में सुख समृद्धि की कामना के लिए सकट चौथ का व्रत रखा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सकट चौथ का व्रत भगवान गणेश के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष माघ के महीने में सकट चौथ के दिन भगवान गणेश को मोदक, लड्डू और दूर्वा अर्पित किया। इस दिन गणेश स्तुति, गणेश चालीसा और सकट चौथ व्रत कथा का पाठ किया। इस बार भी सकट चौथ पर महिलाएं दिनभर व्रत रखी और रात के समय भगवान गणेश की पूजा करने के बाद चंद्रमा के दर्शन करते हुए उन्हें जल अर्पित कर व्रत का पारण किया। पूजा के दौरान तिल के लड्डू के अलावा गणेशजी को बूंदी के लड्डू के भोग, गन्ना, शकरकंद, गुड़, तिल से बनी वस्तुएं, गुड़ से बने हुए लड्डू और घी अर्पित किया।

# हेलमेट रैली निकालकर पुलिस ने किया यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक



**गिधौरी**। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस चौकी गिरौदपुरी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्राम मड़वा में हेलमेट रैली निकालकर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने का संदेश दिया गया। पुलिस चौकी गिरौदपुरी के चौकी प्रभारी जगदीश सोनवानी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हेलमेट पहनना केवल कानून का पालन नहीं है, बल्कि यह जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक मौतें सिर में गंभीर चोट लगने से होती हैं, जिन्हें हेलमेट पहनकर काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन न करने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। वाहन चलाते समय नशे की हालत में ड्राइविंग, तेज गति, मोबाइल फोन का उपयोग जैसे कारण जानलेवा साबित हो सकते हैं। चौकी प्रभारी ने दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने की अपील की।

हेलमेट रैली के माध्यम से पुलिस ने आम नागरिकों को यह संदेश दिया कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है। नियमों का पालन कर न केवल स्वयं की जान बचाई जा सकती है, बल्कि दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस चौकी गिरौदपुरी के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। अभियान के दौरान पुलिस बल एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आम आदमी पार्टी ने संगठन को मजबूत बनाने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर सिंह डहरिया के नेतृत्व में संगठनात्मक बैठक हुई। इस बैठक में विधानसभा और बूथ स्तर पर पार्टी के संगठन को और अधिक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आगामी चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए रणनीतिक योजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर पार्टी को सशक्त बनाना एवं जनता से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से आगे ले जाना रहा।

बैठक में आगामी 11 जनवरी से प्रारंभ होने वाली छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा के विषय में भी विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर की रणनीति के अनुसार अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने, जनसंपर्क को मजबूत करने तथा यात्रा को जन-आंदोलन का स्वरूप देने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा, उत्साह का संचार होकर पार्टी को मजबूती प्राप्त होगी। बैठक में यह संकल्प लिया गया कि आम आदमी पार्टी जनहित के मुद्दों, पारदर्शिता, ईमानदार राजनीति एवं जनसेवा के अपने मूल सिद्धांतों के साथ जनता के बीच और अधिक सशक्त रूप से पहुंचेगी तथा आगामी चुनावों में एक मजबूत और विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभरेगी। इस महत्वपूर्ण चर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री जॉन प्रभारी रायपुर तेजेंद्र टांडेकर, प्रदेश सहसचिव कलावती मार्को, लोकसभा अध्यक्ष रायपुर अजीम खान, लोकसभा उपाध्यक्ष रायपुर जगन्नाथ महिलांग, जिला उपाध्यक्ष कार्तिक राम निषाद, नरेंद्र मनहर, जिला कोषाध्यक्ष जसपाल सिंह जांगड़े, जिला संगठन मंत्री दिलीप फेकर, जिला यूथ विंग हरिशंकर नंवरगे, महिला जिला अध्यक्ष लक्ष्मी निषाद, जिला मीडिया प्रभारी सागर रात्रे, जिला सचिव किसान हीरालाल, रविकांत अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष बलौदा बाजार नेमन दास बांधे, सचिन केजराम, ब्लॉक अध्यक्ष कसडोल जगजीवन खटकर, सुखनंदन पाटिल एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

- छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा को लेकर बूथ व विधानसभा स्तर पर रणनीति बनाई



### मोहरा में भागवत कथा का श्रवण करने बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या

# मानव जीवन को अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने का श्रेष्ठ मार्ग है भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

ग्राम मोहरा में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ निरंतर जारी है। इस आयोजन में कथा वाचक पं. अशोक मिश्रा है। कथा के दौरान पं. अशोक मिश्रा ने कहा कि भागवत कथा मानव जीवन को अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने वाला श्रेष्ठ मार्ग है। कथा श्रवण से व्यक्ति के भीतर छिपे दुर्गुण समाप्त होते हैं और सद्गुणों का विकास होता है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के माध्यम से उन्होंने प्रेम, भक्ति, सेवा और समर्पण का संदेश दिया। कथा व्यास ने भक्त प्रह्लाद, ध्रुव, सुदामा, मीरा एवं श्रीकृष्ण बाल चरित्र जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि आज के भौतिक युग में मनुष्य को अपने जीवन में भक्ति और संस्कार को अपनाने की आवश्यकता है, जिससे समाज में शांति और सद्भाव बना रह सके। आयोजन में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं। महिलाएं, पुरुष, युवा एवं बच्चे भजन-कीर्तन और आरती में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पं. अशोक मिश्रा के श्रीमुख से कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करें।






